# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.06.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ग्यारह वर्षों में आया बुनियादी ढांचे में बदलाव ।
- एनडीए सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर भाजपा करेगी पूरे देश में प्रेस कॉन्फ्रेंस ।
- देश भर के पचास हजार से अधिक संगठनों ने योग संगम के लिए कराया पंजीकरण ।
- नगरपालिका परिषद में सर्वर अपग्रेड के कारण आज दोपहर से सेवाएं अस्थायी रूप से बंद।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचे के विकास के ग्यारह वर्षों में विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी, इंजीनियरिंग और भविष्य के लिए तैयार नींव के साथ भारत के परिदृश्य को नया आकार दिया गया है। भारतमाला से लेकर स्मार्ट सिटीज तक, मेड इन इंडिया वंदे भारत ट्रेनों से – इन ग्यारह वर्षों में आधुनिक बुनियादी ढांचे का उदय हुआ है, जो भारत के विकास को शक्ति प्रदान करता है, व्यवसायों का समर्थन करता है और प्रत्येक नागरिक को जोड़ता है। भारत में अब विश्व स्तरीय सड़कें, रेलवे, हवाई अड्डे और बहुत कुछ है। अटल सुरंग से लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक, ये परियोजनाएँ केवल इमारतों और पुलों के बारे में नहीं हैं; वे एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के बारे में हैं जो वैश्विक मंच पर ऊंचा स्थान रखता है। यह केवल बुनियादी ढांचे के बारे में नहीं है – यह एक समृद्ध, जुड़े हुए और टिकाऊ भारत के लिए आधारशिला रखने के बारे में है।

<><><><><><><>

एनडीए सरकार के ग्यारह साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा ने देशभर में अपने राज्य और जिला मुख्यालयों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस के तहत द्वीपसमूह के श्री विजयपुरम में भी कल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने उपस्थिति को संबोधित किया। उन्होंने पिछले ग्यारह सालों में भारत सरकार के विकास और सामाजिक कल्याण के मुद्‌दों को लेकर उसका आंकलन करते हुए विवरण दिया, जिसमें नोटबंदी, ट्रिपल तलाक, धारा तीन सौ सत्तर, कोरोना महामारी जैसे मुद्‌दे शामिल थे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत इन 11 सालों मे निरंतर सफलता की ओर प्रगति करता जा रहा है। द्वीपसमूह के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश के साथ–साथ द्वीपसमूह में भी विकास का डंका बजा

है। केन्द्रीय मंत्री ने अंडर–सी केबल, नेशनल हाईवे, हवाई अड्डा टर्मिनल और आज़ाद हिन्द फौज सेतु के महत्ता को उजागर किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी, ज़िला परिषद अध्यक्ष और अन्य नेता उपस्थित थे।

**<><><><><><>**

कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से लेखिका एवं इतिहासकार डॉ. रशीदा इकबाल ने भेंट की। उन्होंने उप–राज्यपाल को अपनी किताब **द स्टोरी ऑफ सेल्यूलर जेल–प्रिज़न टू पिलग्रिमेज़** भेंट की। उप–राज्यपाल ने डॉ. रशीदा के शोधकार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दी।

**<><><><><><>**

देश भर के पचास हजार से अधिक संगठनों ने इक्कीस जून को आयोजित होने वाले योग संगम की मेजबानी करने के लिए पंजीकरण किया है। यह सामूहिक भागीदारी के लिए एक नया रिकॉर्ड है। आयुष मंत्रालय ने कहा है कि राजस्थान योग संगम दो हजार पच्चीस के लिए पंजीकृत ग्यारह हजार से अधिक संगठनों के साथ सभी राज्यों में सबसे आगे है। तेलंगाना में सात हजार से अधिक और मध्य प्रदेश में करीब पांच हजार पंजीकरण हुए हैं। इस वर्ष का विषय 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है। योग संगम के दौरान एक लाख से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम की मेजबानी करने की उम्मीद है। मंत्रालय लोगों, संस्थानों और समुदायों को इस वैश्विक उत्सव में एक साथ आने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

**<><><><><><>**

ज़िला परिषद दक्षिण अंडमान द्वारा कार्यान्वित यूटी योजना के अंतर्गत मोटरचालित एवं मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं की खरीद के लिए सब्सिडी सहायता प्राप्त करने के लिए लाइसेंसधारी मछुआरों, स्थानीय बेरोजगार युवकों और मत्स्य पालन सहकारी समितियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नाव की विशिष्टताओं, अनुमानित लागतों और विभिन्न श्रेणियों, सामान्य, बेरोजगार युवा, स्थानीय उद्यमी, मछुआरा सहकारी समितियां और अनुसूचित जनजाति एवं जनजातीय सहकारी समितियों के लिए स्वीकार्य सब्सिडी सीमा सहित सहायता का विस्तृत पैटर्न जारी किया है। मछुआरों से अनुरोध है कि वे मत्स्यपालन उप–स्टेशन कैम्पबेल बे, हटबे, पंचायत समिति प्रातरापुर और फरारगंज, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप, दक्षिण अंडमान के कार्यालय से निर्धारित आवेदन पत्र और कार्यक्रम की विस्तृत शर्ते प्राप्त करें और भरे हुए आवेदन

पत्र को मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा संबंधित मत्स्य पालन उप–स्टेशन के कार्यालय और नजदीकी पंचायत कार्यालय में तेईस जून तक जमा करें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में सर्वर अपग्रेड के कारण ऑनलाइन और टैक्स काउंटर सेवा आज दोपहर अस्थायी रूप से बंद रहेगी। नगरपालिका परिषद अपनी ऑनलाइन सेवाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक निर्धारित सर्वर अपग्रेडेशन करने जा रही है। इस संबंध में टैक्स काउंटर और ऑनलाइन पोर्टल पर कर संग्रह सेवाएँ आज दोपहर दो बजे से शाम पांच तक अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेगी। इसके अलावा सभी संबंधित सेवाएँ भी निलंबित रहेंगी।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, श्री विजयपुरम के सभागार में अट्ठारह वर्ष से कम आयु के स्कूली लड़के–लड़कियों के लिए टेबल टेनिस कोचिंग कक्षाएं आयोजित करेगा। इच्छुक लड़के–लड़कियां आज दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित प्रारूप भरकर गर्ल्स स्कूल में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पी ई टी मनीष कुमार से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए तीन वर्षीय जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कॉमन एडमिशन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार सोलह जून से दस  जुलाई की मध्य रात्रि तक आवेदन कर सकते हैं। अस्थाई वरीयता सूची पन्द्रह जुलाई को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां पन्द्रह से उन्नीस जुलाई दोपहर एक बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम वरीयता सूची तेईस जुलाई को प्रकाशित किया जाएगा और काउंसलिंग तीस जुलाई को जी बी पंत अस्पताल स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग में लिया जाएगा। अधिक जानकारी कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर द्वारा श्री विजयपुरम में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने राष्ट्रव्यापी खरीफ पूर्व अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान के रूप में पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता शिविर आयोजित करने के समाचार को प्रथम पृष्ठ के मध्य में प्रमुखता से छापा है। विश्व महासागर दिवस के उपलक्ष्य में नगरपालिका परिषद की ओर से प्लास्टिक मुक्त जीवन और अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** और **इंफो इंडिया** में जगह मिली है। दूर संचार और बी एस एन एल पेंशन भोगियों के लिए पेंशन अदालत आयोजित करने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**